समाचार

# बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया महापौर ने

## (14 से 20 नवम्बर तक शालाओं में होगा आयोजन)



कोरबा 14 नवम्बर 2019 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज बाल दिवस के उपलक्ष्य में 14 नवम्बर से 20 नवम्बर तक आयोजित बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया। एन.सी.डी.सी. विद्यालय में आयोजित उक्त कार्यक्रम में महापौर श्रीमती अग्रवाल ने शालेय छात्रों को चश्मों का वितरण किया, साथ ही छात्र–छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया।

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्पदृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत बाल दिवस के उपलक्ष्य में 14 नवम्बर से 20 नवम्बर 2019 तक बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शालेय छात्रों का नेत्र परीक्षण एवं निःशुल्क चश्मा वितरण का कार्य किया जाना हैं। आज एन.सी.डी.सी. विद्यालय कोरबा में बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के द्वारा किया गया, उन्होने मां सरस्वती एवं पूर्व प्रधानमंत्री पं.जवाहर लाल नेहरू के तैलचित्र पर पुष्पमाला का अर्पण एवं दीप प्रज्वलन कर बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया। इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने शालेय छात्र–छात्राओं को निःशुल्क चश्मा का वितरण भी किया, इस मौके पर चिकित्सकों द्वारा छात्र–छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.बी.बोडे ने बताया कि शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार 14 से 20 नवम्बर तक बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जाएगा, इस दौरान जिले के विभिन्न विद्यालयों में चिकित्सक दल अपने स्टाफ के साथ पहुंचकर छात्र–छात्राओं का नेत्र परीक्षण करेंगे तथा दृष्टिदोष पाये गए छात्रों को निःशुल्क चश्मों का वितरण किया जाएगा। इस हेतु शालेय में नेत्र परीक्षण का समय एवं तिथि का निर्धारण कर शालावार नेत्र सहायक अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.बी.बोडे, डॉ.के.एन.ध्रुव, सी.पी.एम.अशोक सिंह, कुसुम द्विवेदी, विद्यालय के अध्यापक बी.एल.पटेल, श्रीमती रंजनीगंधा पाठक, मिथिलेश नायक, लक्ष्मी साहू, नीता शर्मा,

तारा चौहान, आरती श्रीवास्तव, कल्पना लहरे, फुलेश्वरी बघेल, सुनीता कंवर आदि के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्य एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थी।

फोटो क्रमांक – 5, 6, 7